IGH

June - Examination 2018

BAP/BCP/BSc.P Examination

Introduction of General Hindi

सामान्य हिन्दी का परिचय

Paper - IGH

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : इस प्रश्न–पत्र के तीन खण्ड हैं – 'अ', 'ब' और 'स'। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(खण्ड – अ) **8 × 2 = 16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण भी दीजिए।

(ii) निम्न शब्दों के बहुवचन लिखिए।

क) कपड़ा

ख) देवता

(iii) सर्वनाम किसे कहते हैं?

(iv) राम बुद्धिमान छात्र है।
इस वाक्य में विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।

(v) विलोम शब्द लिखिए।
क) अर्थ
ख) आशा

(vi) 'आँखों का तारा होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए और वाक्य में प्रयोग भी कीजिए।

(vii) लिंग बदलिए –
क) नौकर
ख) राजा

(viii) 'धरती' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(खण्ड – ब) **4 × 8 = 32**

(लघूत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्दसीमा अधिकतम 200 शब्द और प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है–

2) विशेषण किसे कहते हैं? विशेषण के भेदों की परिभाषा और उदाहरण भी लिखिए।

3) संज्ञा के भेदों को उदाहरण सहित समझाइए।

4) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

क) सबसे आगे रहने वाला।

ख) जिसकी गिनती न की जा सके।

ग) जो नियमानुसार न हो।

घ) जो अपने ही अधीन हो।

ङ) जो साथ पढ़ा हो।

च) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो।

घ) जो अपना हित सोचता है।

ज) जो कुछ नहीं जानता हो।

5) 'चरित्र निर्माण' पाठ में महात्मा गांधी ने किसको पत्र लिखा? इस पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

6) 'नर हो न निराश करो मन को' इस कविता के रचनाकार कवि कौन हैं? प्रस्तुत कविता में कवि ने निराश न होने की प्रेरणा क्यों दी है?

7) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उसमें से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

भारत देश की नारी दया, ममता, मधुरता और गहरे विश्वास से युक्त है। उसका हृदय सुन्दर गुणों का खजाना है। किसी ने सच ही कहा है– ''जिस देश में नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं।'' 'यत्रनार्यस्तु पूजन्ते रमन्ते तत्र देवता' का यही अर्थ है। प्राचीनकाल में नारी की जो सम्मानजनक स्थिति थी वह मध्यकाल में बिगड़ गई थी। उसे भोग्या के रूप में देखा गया। उसे शिक्षा से वंचित किया गया, घर की चारदीवारी में बंद अत्याचार सहती रही। परन्तु आज भारत की नारी शिक्षित है वह सभी क्षेत्रों में पुरुष को चुनौती दे रही है। चिकित्सा, प्रशासन–पुलिस और शिक्षा क्षेत्रों में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रही है। उसने स्वयं कर्मकुशलता से अपने लिए सम्मान पा लिया है।

क) प्रस्तुत अपठित अनुच्छेद में किसके बारे में बताया गया है? 1

ख) 'भारतीय नारी किन–किन गुणों से युक्त है? 2

ग) ''यत्र नार्यस्तु पूजन्ते, रमन्ते तत्र देवताः'' का अर्थ क्या है? 2

घ) प्राचीनकाल मे नारी को किस रूप में देखा गया? 1

ङ) आज की भारतीय नारी कैसी है? किन–किन क्षेत्रों में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रही है? 2

8) विरामचिह्नों को उदाहरण सहित समझाइए।

9) उपसर्ग और प्रत्यय की परिभाषा देते हुए उनके उदाहरण शब्द भी लिखिए।

(खण्ड – स) **2 × 16 = 32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर अधिकतम 500 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए।

	समास विग्रह	समास का नाम
क) दोषमुक्त		
ख) जेबकतरा		
ग) राजमहल		
घ) मंदबुद्धि		
ङ) नीलकमल		
च) त्रिवेणी		
छ) पाप–पुण्य		
ज) अन्न–जल		

11) 'बूढ़ी काकी' कहानी किसने लिखी? इस कहानी में आए पात्र और उनके चरित्र का वर्णन कीजिए।

12) निम्नलिखित पत्र लिखिए।

क) आप कक्षा 12 में पढ़ते हैं? परन्तु बीमार होने के कारण आपको प्रधानाचार्य से 3 दिन का अवकाश लेना है, इस हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

ख) आप गरीब विद्यार्थी है। फीस माफ (शुल्क मुक्ति) के लिए प्रार्थनापत्र लिखिए।

13) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर अनुच्छेद लिखिए।

(i) मेरा प्रिय त्यौहार

(ii) ग्रीष्म ऋतु

(iii) मोबाइल के दुष्परिणाम

(iv) कम्प्यूटर : आज की जरूरत